हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 01 अप्रैल 2026

04 आपदा प्रबंधन से जनहानि कम की जा सकती है...




05 ग्राम बीसौर के समीप दो बाईक आपस में टकराईं, 2 युवकों की...





## समाचार संक्षेप

### पेट्रोलियम आपूर्ति सुचारू रखने के लिए कंट्रोल रूम और जिला स्तरीय समिति का गठन

**गुना।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों जैसे डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया है।कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रतिदिन उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज कर उनका त्वरित समाधान किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी शिकायतें दूरभाष नंबर 9993618287 और 8770223806 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा कमर्शियल गैस सिलेंडरों का वितरण प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न संस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा।पेट्रोलियम आपूर्ति की निगरानी, समन्वय और शिकायत निवारण के लिए कलेक्टर ने जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति के सदस्यों में अखिलेश कुमार जैन (अपर कलेक्टर) को अध्यक्ष, अवधेश कुमार पाण्डेय (जिला आपूर्ति अधिकारी) को सदस्य सचिव, तथा मनोज शर्मा (डीएनओ एवं सेल्स ऑफिसर रिटेल, IOCL), कलपेश मोर्य (सेल्स ऑफिसर रिटेल, HPCL) और कु. स्पंदना भट्ट (सेल्स ऑफिसर रिटेल, BPCL) को सदस्य नियुक्त किया गया है।इस व्यवस्था से जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की समय पर आपूर्ति और उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### जिले में एचपीवी टीकाकरण को मिली रफ्तार 03 हजार से अधिक किशोरियां सुरक्षित

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए एचपीवी (HPV) वैक्सीनेशन अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत अब तक जिले में 03 हजार से अधिक किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जिले में कुल 14 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 11 हजार किशोरियों को वैक्सीन लगाया जाना शेष है। एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) सहित अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है। यह अभियान आगामी 02 माह तक जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां निःशुल्क इस महत्वपूर्ण टीकाकरण का लाभ प्राप्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि यही एचपीवी वैक्सीन वर्तमान में निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में लगभग 3 से 4 हजार रुपये प्रति डोज की दर से लगाई जा रही है, जबकि शासकीय अभियान के अंतर्गत यह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। निर्धारित अवधि के पश्चात वैक्सीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर ही उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते अपनी पात्र किशोरियों को शासकीय केंद्रों पर टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

### ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेस-वे और भिंड-इटावा हाईवे को हरी झंडी

**गुना ।** केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट की। इस उच्च स्तरीय बैठक में ग्वालियर-चंबल संभाग सहित मध्य प्रदेश में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सडक़ परियोजनाओं पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।बैठक के प्रमुख परिणामों में ग्वालियर-भिंड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य एनएचएआई द्वारा शीघ्र शुरू करना और ग्वालियर–आगरा एक्सप्रेस-वे के प्रोजेक्ट को गति देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, मुरैना से नागपुर तक प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ एक्सप्रेस-वे को ग्वालियर-चंबल के प्रमुख शहरों से जोडऩे पर भी सहमति बनी है। सिंधिया ने ग्वालियर वेस्टर्न बायपास और गुना-देवास मार्ग परफ्लाईओवर निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की, जिस पर सकारात्मक रुख अपनाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र के दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर वहां फ्लाईओवर निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा।

**सिंधिया-गडकरी की मुलाकात, ग्वालियर-चंबल को मिली बड़ी सौगात**

### 2 अप्रैल को श्री हनुमान टेकरी धाम पर विशाल मेला, तैयारियां पूर्ण

## मेले में नजर नहीं आएगा मिकी माउस, झूला संचालकों को सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को श्री हनुमान टेकरी धाम पर भव्य एवं विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में 20 भुजा माता मेले के दौरान हुई अप्रिय घटना से सबक लेते हुए इस बार मेले में मिकी माउस को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इसके साथ ही झूला संचालकों एवं अन्य व्यवसायियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें, उपकरणों की गुणवत्ता जांच कराएं और पूर्व सत्यापन के बाद ही मेले में संचालन करें।

### आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगाएगा परिसर

पूरे टेकरी धाम को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आधुनिक झूले भी मेले की शोभा बढ़ाएंगे।

### क्विंटलों फूलों से होगा भव्य श्रृंगार

मंदिर परिसर और गर्भगृह को क्विंटलों नायाब फूलों से सजाया जाएगा। बालाजी का श्रृंगार रजनीगंधा, जरबेरा, मोगरा और गुना के प्रसिद्ध गुलाबों सहित दुर्लभ फूलों से किया जाएगा।




### महिलाओं से आभूषण नकली पहनने की अपील

मेला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं से अपील की गई है कि वे असली एवं महंगे आभूषणों के बजाय नकली आभूषण पहनकर आएं और अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

### 500 स्वयंसेवक संभालेंगे व्यवस्था

श्री टेकरी धाम सेवा समिति के लगभग 500 स्वयंसेवक पुलिस बल के साथ मिलकर मेले की व्यवस्था संभालेंगे। जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं।

### मंगला आरती तड़के 4:15 बजे

1 अप्रैल की रात 12:30 बजे श्रृंगार के बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंगला आरती तड़के 4:15 बजे होगी, जबकि शयन आरती रात्रि 12:15 बजे संपन्न होगी।

### प्लास्टिक मुक्त रहेगा मेला

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पूरा मेला प्लास्टिक मुक्त रहेगा। प्लास्टिक थैलियों के स्थान पर बायोडिग्रेडेबल थैले और प्लास्टिक ग्लास की जगह पेपर कप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रद्धालुओं से अपील

प्रशासन एवं ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करें, तय मार्गों से आवागमन करें, भीड़ में धक्का-मुक्की से बचें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग दें। साथ ही मंदिर परिसर में दीपक व अगरबत्ती न जलाने और नारियल साबुत अर्पित करने का आग्रह किया गया है।पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष चिरोंजी लाल प्रजापति, सचिव ओमप्रकाश बरोनिया, कोषाध्यक्ष गुलशन जुनेजा सहित अन्य ट्रस्टी उपस्थित रहे।

### कॉलोनाइजर द्वारा उन्हें लगातार मकान खाली करने और तोड़ने की दी जा रही धमकियां

## मकान टूटने की आशंका को लेकर हड्डी मिल के रहवासी पहुंचे कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हड्डी मिल क्षेत्र के रहवासियों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर अपने मकानों को जबरन तोड़े जाने की आशंका को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई।

उधर धर्मांतरण के पश्चात आरक्षण का लाभ उठाने के मामले को लेकर सवर्ण आर्मी ने कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा है।जगनपुर चक्क हड्डी मिल क्षेत्र के रहवासियों ने आवेदन देकर आरोप लगाया कि एक कॉलोनाइजर द्वारा उन्हें लगातार मकान खाली करने और तोडऩे की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। आवेदन में रहवासियों ने बताया कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं।

कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और कुछ सदस्यों की स्थिति विकलांगता से भी जुड़ी है। ऐसे में अचानक मकान तोड़े जाने की कार्रवाई उनके सामने रहने का गंभीर संकट खड़ा कर देगी।

इस संबंध में हड्डी मिल निवासी ब्रजेश सिंह ने बताया कि करीब दो दर्जन परिवारों के मकान वर्षों पुराने हैं, लेकिन ग्वालियर की एक कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी आकर उन्हें हटाने की धमकी दे रहे हैं। रहवासियों के अनुसार जब वे जमीन संबंधी दस्तावेज या आदेश की जानकारी मांगते हैं तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है। हाल ही में पीएम आवास योजना के तहत बनी बाउंड्री भी तोड़ दी गई और कुछ लोगों के घरों में घुसकर झंडे गाड़ दिए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि बिना जांच के किसी के भी मकान नहीं तोड़े जाएंगे।

उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद रहवासियों ने राहत की सांस ली।



### धर्मांतरण के बाद आरक्षण लाभ के कथित दुरुपयोग के विरोध में सौंपा ज्ञापन

धर्मांतरण के बाद भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रावधानों के कथित दुरुपयोग के विरोध में मंगलवार को सवर्ण आर्मी के नेतृत्व में लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कुछ लोग धर्मांतरण के बाद भी एससी-एसटी वर्ग के लिए निर्धारित संवैधानिक लाभों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे वास्तविक पात्र लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रशासन से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि धर्मांतरण के पश्चात आरक्षण लाभ जारी रखना न्यायसंगत नहीं है और इससे शासन की नीतियों का उद्देश्य प्रभावित होता है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों की सूची तैयार कर संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि वास्तविक पात्र लोगों को उनका अधिकार मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री तक भी यह विषय पहुंचाने का प्रयास किया गया है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा और स्पष्ट नीति बनाकर इस तरह के मामलों पर रोक लगाएगा।



### डॉक्टरों की सूझबूझ के साथ ही आधुनिक सीसीएचबी सुविधा से युवक की जान बची



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय, गुना में चिकित्सकों की तत्परता और समर्पित प्रयासों से एक युवक की जान बचाई गई।जानकारी के अनुसार, पवन पुत्र धीरज सिंह (30 वर्ष, निवासी आरोन) को इल्लीमार नामक कीटनाशक के कथित सेवन के कारण अचेत अवस्था में नवीन CCHB (कैजुअल्टी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक) में लाया गया। अस्पताल में भर्ती होने के समय मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, श्वास प्रक्रिया मंद और विषाक्तता के लक्षण स्पष्ट दिखाई दे रहे थे।ड्यूटी पर उपस्थित मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राहुल रघुवंशी ने तुरंत जीवन रक्षक उपचार शुरू किया। परिजनों से सूचित सहमति (Informed Consent) प्राप्त कर मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट और वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉ. रघुवंशी ने बताया, "मरीज अत्यंत गंभीर स्थिति में लाया गया था। समय पर समुचित उपचार, सतत निगरानी और वेंटिलेटरी सपोर्ट मिलने से उसकी जान बचाई जा सकी।"लगातार 24 घंटे की गहन चिकित्सा और सतत मॉनिटरिंग के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और वर्तमान में वह पूर्णतः स्वस्थ एवं स्थिर है।इस दौरान वार्ड प्रभारी पूजा सिंह सहित नर्सिंग स्टाफ सुनील धाकड़, जितेंद्र यादव, ज्योति राणे, वर्षा माकोड़े, दीपिका पटेल, साधना बरगोदिया आदि का योगदान सराहनीय रहा। मरीज के परिजनों ने चिकित्सकों और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय की सेवाएं उच्चस्तरीय निजी अस्पतालों के समान हैं।अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि विषाक्त पदार्थ के सेवन की स्थिति में बिना विलंब के निकटतम स्वास्थ्य संस्थान में उपचार हेतु पहुंचें, ताकि समय रहते जीवन की रक्षा की जा सके।

### जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 145 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम सिरसी खुर्द तहसील गुना निवासी 50% अस्थिबाधित दिव्यांग संतोष चिडार ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को ट्रायसाइकिल की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए संतोष चिडार को ट्रायसाइकिल एवं वैशाखी तत्काल उपलब्ध कराए गए। सहायता मिलने पर उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### इकलौते सहारे की मौत से पसरा मातम

**गुना।** बजरंगगढ़ स्थित प्रसिद्ध बीसभुजा देवी मंदिर मेले में पिछले दिनों हुए दर्दनाक हादसे ने अंततः एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। मिक्की माउस झूले से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए 7 वर्षीय मासूम आशुतोष पिता नरेंद्र शर्मा ने भोपाल के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। समाज सेवी प्रमोद भार्गव ने इस हृदयविदारक घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आशुतोष की असमय मृत्यु से उसकी माँ के सिर से इकलौता सहारा छिन गया है। शाढ़ौरा (जिला अशोकनगर) निवासी आशुतोष की कहानी अत्यंत मार्मिक है। उसके पिता का निधन आशुतोष के बचपन में ही हो गया था, जिसके बाद माँ संगीता शर्मा ने अपने इस इकलौते बेटे के सहारे ही जीवन के बड़े सपने संजोए थे। रविवार को बीसभुजा देवी के दर्शन करने आई माँ को अंदाजा भी नहीं था कि जिस मिक्की माउस झूले पर वह अपने कलेजे के टुकड़े को खुशी-खुशी बिठा रही है, वही काल बनकर आएगा। अचानक चली तेज हवा के दबाव से हवा भरा झूला डगमगा गया और आशुतोष उछलकर नीचे पत्थरों पर जा गिरा था। हादसे के बाद आशुतोष को गंभीर हालत में गुना से भोपाल रेफर किया गया था, जहां डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना ने मेलों में सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि झूला जमीन से मजबूती से बंधा होता और मौसम बिगड़ने पर संचालक सावधानी बरतते, तो शायद यह जानलेवा हादसा नहीं होता। दो पैसों की कमाई के चक्कर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने एक माँ की गोद सूनी कर दी

## पुलिस अधीक्षक ने दी सेवानिवृत्ति पर सहायक उप निरीक्षकों को ससम्मान भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



गुना में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले सउनि उदयपाल सिंह तोमर एवं सउनि सुरेश सिंह भदौरिया को मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई ।

आयोजित विदाई समारोह में डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दिकी, रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूजा उपाध्याय, रेडियो प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय, यातायात प्रभारी अजयप्रताप सिंह, पीएस टू एसपी निरीक्षक अनिल साहू, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सूबेदार स्मृति दोहरे, मुख्य लिपिक सउनि(अ) अमित मौर्य सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई । साथ ही उन्हें पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए ।

### सीमावर्ती गुना में तस्करी रोकने सभी विभागों को अलर्ट

## नशे के खिलाफ सख्त एक्शन का रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मादक पदार्थों की रोकथाम और विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर ने साफ निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी और उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण गुना में तस्करी की आशंका को देखते हुए कड़ी निगरानी और सतर्कता बरतने को कहा गया।सामाजिक न्याय विभाग को नशामुक्ति के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग को गश्त बढ़ाकर अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया गया।बैठक में मादक पदार्थों से जुड़ी सूचनाओं के आदान-प्रदान, अफीम और भांग की अवैध खेती पर निगरानी, अंतरराज्यीय मामलों की जांच और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में सभी विभाग अपनी कार्रवाई की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करें और स्पष्ट एजेंडा के साथ तैयारी करें। साथ ही एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के पालन, नशा मुक्ति केंद्रों के निरीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### बीनागंज शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त हुए हेमराज खरे पार्टी व समाजिक लोगों ने किया स्वागत सम्मान

**चाचौड़ा ।** कांग्रेस पार्टी ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर हेमराज खरे की नियुक्ति की है जिसने बीनागंज नगर से हेमराज खरे को पुनः शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। जैसे ही सूची सोशल मीडिया पर जारी की गई श्री खरे के आत्मीयजन ने बधाई शुभकामनाओ का देना शुरू कर दिया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री खरे का साफा श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दी । पद मिलने पर श्री खरे द्वारा कहा गया कि ‟मुझे शहर कांग्रेस अध्यक्ष बीनागंज के रूप में जिम्मेदारी सौंपने के लिए कांग्रेस पार्टी व आप सभी का हार्दिक धन्यवाद। मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं और अपनी नई भूमिका को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाने के लिए उत्साहित हूं। आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की उम्मीद है।‟ स्वागत सम्मान करने के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक बल्लू चौहान, देवेंद्र मीना पटोंदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक डॉ संजय मीना, प्रदीप श्रीमाल,शहर कांग्रेस अध्यक्ष चांचौड़ा सुंदरलाल सैनी, मनोज राठौड़, नारायण सिंह, गोविंद माली, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप राजपूत, रोहित मीना, मनमोहन शर्मा, शिवराज मीना, छोटू फरीदखान, रंजीत सिंह सोलंकी, दिनेश राठौर, नेपाल अहिरवार, बृजेश मीना, चन्दन सिंह अहिरवार, हरिकिशन खरे, अर्जुन खरे,मनोज राणा आदि।



### ग्रामीणों को बताए आपदा से बचने के उपाय

**राघौगढ़।** आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल व म.प्र. जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम भैंसाना के पंचायत भवन में ग्राम तुमने खेड़ी ग्राम जनकपुर में प्रशिक्षक महेश शर्मा , देवेन्द्र यादव, चैन सिंह द्वारा आपदा से बचने हेतु के उपाय बताए गए। परिषद के ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा बताया कि राघौगढ़ ब्लॉक के 12 ग्रामों में बाढ़ व आग भूकंप से बचने के तरीक़े बताए गए व आपदा दल, पूर्व सूचना एवं चेतावनी दल, खोज एवं बचाव दल, प्राथमिक चिकित्सा दल, जल एवं साफ़ सफ़ाई दल व राहत पुनर्वास व्यवस्था दलों का गठन किया गया है । ताकि आपदा के समय इनकी सहायता ली जा सकेग्राम सचिव नारायण सिंह कुशवाह व रोज़गार सहायक भोजराज लोधी व अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।




### जैन मिलन परिवार राघौगढ़ द्वारा महावीर जयंती पर यहां मासिक मिलन हुआ

**राघौगढ़।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित महामासिक मिलन का आयोजन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर राघौगढ़ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान महावीर की आरती की गई आचार्य विद्यासागर पाठशाला के 20 बच्चों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन पत्रकार ने महामासिक मिलन पर प्रकाश डाला। जैन मिलन के अध्यक्ष जितेंद्र जैन स्वागत भाषण के द्वारा सभी का स्वागत किया। जैन मिलन के मंत्री एवं कार्यक्रम समन्वयक विकास जैन में कार्यक्रम का संचालन किया ।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अधिवेशन चंदेरी से प्राप्त पुरस्कारों का वितरण भी राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक तंबोला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा जैन मिलन के अध्यक्ष आकाश जैन, महिला जैन मिलन की अध्यक्ष अंतिम जैन, मंत्री सुषमा जैन, कोषाध्यक्ष कुशल जैन, जैन मिलन कोषाध्यक्ष रुपेश चौधरी, जैन मिलन के पूर्व शाखा अध्यक्ष एवं ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष राजेश जैन युवा जैन मिलन के उपाध्यक्ष एवं ट्रस्ट कमेटी के सदस्य राजा चौधरी, ट्रस्ट कमेटी के सदस्य दिनेश रावत राजेंद्र जैन सहित जैन समाज के 130 से अधिक महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे। जैन मिलन के कोषाध्यक्ष रुपेश चौधरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# आपदा प्रबंधन से जनहानि कम की जा सकती है, देहरीकला में दिया प्रशिक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आपदा प्रबंधन से जन हानी को कम किया जा सकता है मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् और आपदा प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आपदा के समय स्वयं जागरूक रह कर अपने आसपास अपने गांव की कैसे मदद की जा सकती है।

इस विषय को लेकर देहरी कला में प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखण्ड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् आरोन एवं ग्राम के वरिष्ठ जन पंचायत सचिव सोनू रघुवंशी द्वारा मां सरस्वती जी के सम्मुख दीप जलाकर किया गया मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र शर्मा ने बताया आपदा 2 प्रकार की मुख्य होती है प्राकृतिक आपदा और मानव जनित आपदा प्राकृतिक आपदा में बाढ़, तुफान, भूकंप,बिजली गिरना आदी इसमें आते हैं अगर गांव में बाढ़ कभी आती है तो सबसे पहले पशुओं को खूंटे से खोल देना है और स्वयं भी ऊंचे स्थान पर चले जाना है अगर नहीं जा पाये तो पानी पीने की खाली बोतल का ढक्कन लगाकर एक रस्सी की सहायता से आपस में बोतलों को बांध कर अपनी कमर से लपेटना है और साथ में प्रशासनिक मदद के लिए संपर्क करना है भूकंप आने पर सबसे पहले अपने घरों से निकल कर खुले मैदान में खड़े हो जाना है घर के अंदर नहीं छुपना है अगर फिर भी घर के बाहर नहीं जा पाये तो किसी मजबूत पलंग या टेबिल के नीचे छुप जाना है कभी कभी गैस की टंकी अचानक आग पकड़ लेती है उस पर गीला बोरा या कोई सूती कपड़ा गीला करके डालना है आग को जलने के लिए आक्सीजन की आवश्यकता होती है बगैर आक्सीजन के आगे बुझ जायेगी ये हमें विशेष रूप से सावधानी बरतनी है इस प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देहरीकला नवांकुर संस्था श्री दौलत सिंह साहू शिक्षा समिति और ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में हिस्सेदारी की यह प्रशिक्षण आगामी समय में तारपुर, सेमरा खेड़ा, बरोद, घटावदा, भूतमढी, देहरी खुर्द रायपुर कलां में आयोजित किए जाएंगे।

# नगर पालिका परिषद की बैठक में 70 करोड़ से अधिक का बजट पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघोगढ़ विजयपुरा नगर पालिका परिषद की बैठक सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान शहर के विकास से जुड़े निर्माण कार्य, मेंटेनेंस और विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।परिषद के समक्ष आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कुल 70 करोड़ 95 लाख 53 हजार 549 रुपये का प्रावधान रखा गया। 23 हजार 549 रुपये की अनुमानित बचत के साथ बजट को मंजूरी दी गई।बैठक में वार्डों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर सहमति बनी। साथ ही सड़कों के निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और साफ-सफाई को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।परिषद ने यह भी सुनिश्चित करने की बात कही कि नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और शासकीय योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मिले। बजट पारित होने के बाद उम्मीद जताई गई कि आगामी वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध हो सकेंगी।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, सीएमओ तेज सिंह यादव, सभी पार्षदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का ऐतिहासिक आयोजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



भारतीय जनता पार्टी मंडल मधुसूदनगढ़ द्वारा वृंदावन गार्डन में ‘पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान–2026’ के अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा और संगठन को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक और राष्ट्रसेवा के संकल्प को मजबूत करने का महाअभियान बनकर उभरा।प्रथम दिवस के सत्रउद्घाटन सत्र में भाजपा जिला मंत्री श्रीमती कुसुमलता कुशवाह के मार्गदर्शन एवं श्रीमती संगीता गर्ग (जिला महामंत्री, भाजपा महिला मोर्चा) की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई।द्वितीय सत्र में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल मुख्य वक्ता रहे तथा सत्यनारायण मंगल की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती पर विचार रखे गए।तृतीय सत्र में श्रीकृष्ण भोला सोनी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं भाजपा जिला मंत्री) मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता मदनलाल केवट (विधायक प्रतिनिधि) ने की।चतुर्थ सत्र में विधायक श्रीमती प्रियंका पेची ने अपने प्रेरणादायी विचारों से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और समर्पण का संचार किया। इस सत्र की अध्यक्षता घनश्याम जोगी ने की।द्वितीय दिवस के सत्रपंचम सत्र में जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया विषय पर संवाद किया, जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह राजपूत (जिला पंचायत सदस्य) ने की।षष्ठम सत्र में अनिरुद्ध मीना (जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा) ने किसानों एवं ग्रामीण विकास पर मार्गदर्शन दिया, जबकि अध्यक्षता लेखराज कुशवाह ने की।सप्तम सत्र में दिलीप सेन (जिला अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा) ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से कार्यकर्ताओं में जोश भरा, इस सत्र की अध्यक्षता ओमप्रकाश राठौर ने की।अंतिम सत्र में नीरज निगम (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) ने प्रभावशाली उद्बोधन दिया, जबकि अध्यक्षता राधेश्याम नरवर (कारसेवक) ने की।सत्रों के दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि राजू लोगरिया ने किया। आयोजन में मंडल मंत्री भारत सिंह बघेल, पवन जोशी, वरिष्ठ नेता आर.डी. नामदेव तथा आईटी सेल मंडल प्रभारी कमलेश सिलावट का विशेष योगदान रहा।अंत में मंडल महामंत्री उमाशंकर सिलावट द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भंडारण व कीट नियंत्रण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़




राघोगढ़ में मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन, जिला शाखा गुना द्वारा 30 मार्च 2026 को जिला शाखा कार्यालय, गुना में भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं कीटोपचार विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष वर्मा, सहायक प्रबंधक आर. के. राय, जिला प्रबंधक जी. एस. आर्य, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी तथा मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक मनोज भगत सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं वेयरहाउस संचालक उपस्थित रहे।इस अवसर पर आरोन के शाखा प्रबंधक भूपेंद्र दुबे, बिनागंज के शाखा प्रबंधक आशाराम बरदिया सहित जिले के विभिन्न वेयरहाउस संचालकों ने भाग लिया। इनमें जेवीएस वेयरहाउस के देव पाटिल, स्टॉक अप वेयरहाउस के मानसिंह राजपूत, सहज वेयरहाउस के केतन चौहान, देवांशी वेयरहाउस के गजेंद्र किरार, हरि राधा वेयरहाउस के महेंद्र शर्मा, राम वेयरहाउस के गिरीश शर्मा, मातृक वेयरहाउस के रामेंद्र तोमर, किसान वेयरहाउस एवं गोपाल वेयरहाउस सहित अन्य संचालक एवं स्टाफ मौजूद रहे।प्रशिक्षण के दौरान भंडारित अनाज की सुरक्षा, वैज्ञानिक भंडारण पद्धतियों और कीट नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने वेयरहाउस संचालन में गुणवत्ता बनाए रखने तथा शासन की निर्धारित नीतियों के पालन पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक राघौगढ़-बमौरी द्वारा किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बूंदाबांदी से मची अफरा-तफरी, देर रात तक जमी लोकगीतों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



चंदेरी नगर में 21 मार्च से जारी मां जागेश्वरी गणगौर मेला सोमवार को मौसम के बदले मिजाज का गवाह बना। मेले में एक ओर जहां छतरपुर के सुप्रसिद्ध लोक गायक रामकुमार प्रजापति के सुरों की तान छिड़ी थी, वहीं दूसरी ओर अचानक हुई तेज हवा और बूंदाबांदी ने व्यवस्थाओं में खलल डाल दिया।

**अचानक बिगड़ा मौसम, सुरक्षित ठिकानों की ओर भागी भीड़**

मेला ग्राउंड में सोमवार रात जब रामकुमार प्रजापति अपने लोकगीतों से समां बांध रहे थे, तभी अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी के कारण पंडाल में मौजूद जनता इधर-उधर भागती नजर आई। इस बेमौसम बारिश ने न केवल दर्शकों का मजा किरकिरा किया, बल्कि दुकानदारों के चेहरों पर भी मायूसी ला दी। भारी भीड़ की उम्मीद में बैठे व्यापारियों के लिए बारिश ने श्रौनकश फीकी कर दी।

### आधी रात को फिर गूंजी लोकगीतों की गूंज

प्रकृति के इस व्यवधान के बावजूद दर्शकों और कलाकारों का उत्साह कम नहीं हुआ। जैसे ही बारिश की रफ्तार थमी, रात करीब 12 बजे कार्यक्रम को पुनरू प्रारंभ किया गया। हल्की बूंदाबांदी के बीच देर रात तक रामकुमार प्रजापति के गीतों पर लोग झूमते रहे और मेले का आनंद लिया। कविता शर्मा के कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता मेले में आने वाले दिनों में आकर्षण और बढ़ने वाला है। 2 अप्रैल को बुंदेली लोक गायकी की जानी-मानी आवाज कविता शर्मा का कार्यक्रम मां जागेश्वरी मंच पर आयोजित होना है। कविता शर्मा को सुनने के लिए स्थानीय लोगों और मेला प्रेमियों में जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है।



### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय स्ट्रांग रूम का वार्षिक निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां रखे विभिन्न मूल्यों के स्टांप एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्टाम्प का भौतिक रूप से सत्यापन और कोषालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा आगजनी से सुरक्षा सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा उपस्थित रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, 50 बालिकाओं को लगाए गए टीके




हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के नेतृत्व में शाढ़ौरा मैं स्थित पीएम श्री कन्या हाई स्कूल में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय में रिजल्ट दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने पूरी स्वास्थ्य टीम के साथ छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। डॉ. राजपूत ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए तथा उन्हें बिना किसी भय के टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय की 50 से अधिक किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी थी। छात्राओं एवं अभिभावकों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।


अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम से एएनएम सुमन धाकड़, एएनएम दियाधरी, सोनम शर्मा, सीएचओ बामोरा तारा कुशवाह, सीएचओ रातीखेडा.साधना मुनिया, एएनएम पिंकी राजोरिया, फोकल प्वाइंट प्रभारी जे. के. माथन तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर अवधेश भंडारी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य रामबली रघुवंशी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक जिले के भ्रमण पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया 02 अप्रैल से 05 अप्रैल 2026 तक अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें।

जारी कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 02 अप्रैल को सायं 07.15 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10.45 बजे अशोकनगर आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। इसी प्रकार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 03 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कजराई पहुंचेगें एवं ब्रिज एवं पंचायत भवन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 12.35 बजे ग्राम सीगोन,दोपहर 01.15 बजे ग्राम गरेठी में स्थानीय भ्रमण में भाग लेगें। दोपहर 02 बजे पिपरई पहुंचेगें एवं पिपरई में जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेगें। अपरान्ह 04.15 बजे ग्राम शुक्लापुरी पहुंचेगे एवं स्थानीय भ्रमण में भाग लेगें। सायं 05 बजे नगर परिषद मैदान मुंगावली पहुंचेगें



एवं विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। सायं 06.15 बजे से सायं 07.10 बजे तक मुंगावली में स्थानीय भ्रमण करेगें। सायं 07.50 बजे बंगला चैराहा पहुंचकर स्थानीय भ्रमण करेगें। रात्रि 08.45 बजे शांतिनाथ मंदिर अशोकनगर पहुंचकर स्थानीय भ्रमण करेगें एवं रात्रि 09.40 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 04 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रात 10.45 बजे कचनार पहुंचेगे एवं जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेगें। साथ ही दोपहर 12.45 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक स्कूल चलो अभियान के तहत किट का वितरण कार्यक्रम में भाग लेगें। दोपहर 02 बजे से दोपहर 02.25 बजे तक अशोकनगर में स्थानीय भ्रमण करेगें। दोपहर 02.30 बजे जिला अस्पताल तथा दोपहर 02.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक नये जिला अस्पताल का स्थल निरीक्षण करेगें। दोपहर 3.05 बजे तहसील भवन अशोकनगर का लोकार्पण,दोपहर 04.15 बजे से कलेक्ट्रेट में डीवीएमसी की बैठक लेगें। सायं 06.15 बजे से कलेक्ट्रेट में प्रेसवार्ता करेगें। सायं 06.45 बजे से सायं 07 बजे तक स्थानीय भ्रमण करेगें।

इसी प्रकार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 05 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जनपद ग्राउण्ड अशोकनगर पहुचेगें एवं हितग्राही सम्मेलन में भाग लेगें। दोपहर 12.45 बजे ग्राम सारसखेडी पहुंचकर स्थानीय भ्रमण करेगें।

# रुक्मणी विवाह आत्मा से परमात्मा का मिलन है: पंडित मनोज कृष्ण

**अशोकनगर।** झिरिया सरकार हनुमान मदिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के षष्टम दिवस में पूज्य व्यास जी महाराज पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा महारास का प्रसंग श्रवण कराया महारास की लीला का दर्शन कराया।

भगवान श्री कृष्णा वृंदावन को छोड़कर मथुरा अक्रूर जी के साथ जाने लगे तब गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण की याद में आंसू बहाते हुए कहा की हे श्याम सुंदर आपने यह कैसी सोच लिया कि आप हमें छोड़कर चले जाओगे। आप तो कहते थे मैंने प्रेम किया है यह कैसा प्रेम है प्रेमियों को छोड़कर जाना क्या प्रेम होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि मैं परसों लौट कर आ जाऊंगा। गोपियों को क्या पता था कि भगवान परसों की कहकर बरसों में नहीं आने वाले। भगवान को तो आगे की लीलाएं पूरी करना था। मथुरा में जाकर भगवान ने कंस का उद्धार किया तत्पश्चात संदीपनी जीके आश्रम उज्जैन जाकर विद्या अध्ययन किया। तत्पश्चात उद्धव को संदेश लेकर के वृंदावन भेजा। उद्धव ज्ञानी तो थे पर प्रेमियों की परिभाषा वृंदावन जाकर सीखी। फिर भगवान ने द्वारकापुरी का निर्माण किया एवं रुक्मणी जी के साथ



भगवान के विवाह का प्रसंग पूज्य व्यास जी ने सभी भक्तों को बड़े रोचक ढंग से श्रवण कराया। भगवान के विवाह में सभी भक्त झूमते हुए नजर आए मयूर लीला का भी भक्तों ने आनंद लिया। होली उत्सव का भी आनंद सभी भक्तों ने बड़े भाव से प्रेम से झूमते हुए नाचते हुए भजनों का आनंद लिया। प्रतिदिन बड़ी सख्या में लोग पहुंच रहे है। एक ज्ञानी पुरुष की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा श्री कृष्ण है उनसे मिलने के लिए प्रेम की परम आवश्यकता है और जिस आत्मा के भीतर दया करुणा परहित ऐसी भावनाऐ जिस जीवात्मा के अंदर होंगे भगवान उसके लिए प्राप्त हो जाएंगे। श्रीमद् भागवत मे अनेकों ऐसे महत्वपूर्ण कथाएं हैं जिनको सुनकर के व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है संपन्न बन सकता है।

## आर्यिका रत्न विभाश्री माता जी का संघ सहित हुआ नगर आगमन

# ‘महाप्रभु से भी हम सुख की कामना करते हैं’

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

देवताओं के द्वारा जिनके लिए दिव्य सिंहासन स्थापित किया गया है जिसके लिए विशेष रत्नों के द्वारा धर्म सभा का निर्माण किया गया था ऐसे महाप्रभु से भी हम अपने सुख की कामना करते है। हर पवित्र स्थल पर पहुंच कर भी हमारी खोज सुख पर जाकर पुरी हो जाती है किसी भी महा पुरुष को नमस्कार करना वंदन करना उनके चरणों में बैठना बहुत आसान होता है उनके चरणों में बैठकर मेरी आधी व्याधी संकट दूर हो मुझे सुख मिले मेरे विचारो की अभिलाषा की पूर्ति हो यह हमारे स्वयं की इच्छा है यह मन को अच्छा लगता है। यह बात मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कही।

**पंद्रह आर्यिका माता जी का हो रहा है नगर प्रवेश** जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गणनी आर्यिका रत्न 105 श्री विशाश्री माता ससंघ 15 आर्यिका





माताजी वड़नगर से पद विहार करते हुए अशोकनगर पधार रही है। गत दिवस राजपुर पहुंचकर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई सहित अन्य भक्तों जनो ने श्री फल भेंट कर अशोकनगर पधारने का निवेदन किया था। माता जी कि आहार चर्या तुमैन ग्राम के निकट हो रही, आज शाम को माता जी का मंगल प्रवेश श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीस जिनालय शान्ति नगर मंदिर में हो रहा है गुरुदेव की प्रेरणा से संचालित आचार्य श्री विद्यासागर गौ चिकित्सालय में ऐक्सरा मशीन की स्थापित का कार्य प्रारंभ हो गया है परम पूज्य के सान्निध्य में हम इसे बहुत सीघ्र गौ चिकित्सालय में समारोह पूर्वक स्थापित करने जा रहे हैं।

**आप अपने मन का निर्माण करें जिसमें क्षमा दया को प्रमुखता दी जाये**

मुनि श्री ने कहा कि विश्व में लाखों लोग नियम धर्म पूजा पाठ स्त्रोत सब एक जैसे ही करते हैं धर्म करने का तरीका लगभग एक सा होता है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। इसमें आपको मन लग जाता है फिर भी सब को अलग अलग फल की प्राप्ति होती है। ऐसा क्यों होता है आपने कभी विचार किया, उपदेश भी कहते है कि आपका मन लगना चाहिए इससे कोई बहुत बड़ी उपलब्धि होने वाली नहीं है। यह बहुत छोटी सी साधना है इसकी कोई उपलब्धि नहीं है यह मन का भ्रम है माया जाल है सामने वाला इससे वस उलझा रहता है इससे मुझे एक प्रतिशत भी लाभ मिलने वाला नहीं है। इसलिए मैं मन लगाने की कोशिश नहीं करता हूं मैं जाप करता हूं। स्तुति करने ध्यान करना प्रभु कि इच्छा है कि आप अपने मन का निर्माण करे। एक ऐसा मन हमें निर्माण करना जिसे दया करना क्षमा करना आना चाहिए हमारा मन संयमित हो हमें एक ऐसे मन निमार्ण करना है जो ये कहे कि ये सब कुछ मेरा नहीं है क्षमा वान मन वनने के लिए अलग से बैठना पड़ता है अपने भाग्य को वनने के लिए अपने मन में स्वप्न देखना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जैन मिलन के पवन जैन पुनः बने अध्यक्ष

**अशोकनगर।** वर्ष 2026-27 के लिए बीती रात में थूबौन मार्केट में हुए इस चुनाव में जैन मिलन के



समस्त वीरों ने पवन जैन को दूसरी बार फिर से अध्यक्ष पद सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया है। इस चुनाव प्रक्रिया में संतोष जैन डिस्क और निर्मल मिर्ची ने निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाई। सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराया, घोषणा के पश्चात सभी जैन मिलन के सदस्यों ने पवन जैन करैया को माला पहनाकर बधाइयां और शुभकामनायें दी गईं। अंत में पवन जैन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने तथा समाज के हित में काम करने का संकल्प दोहराया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने ग्राम माधौपुर निवासी सुनील पारदी के पास से पठार मोहल्ला ईदगाह के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के कोतवाली पुलिस ने पठार मोहल्ला घाटी के पास से 15 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस से ग्राम अमौदा निवासी महाराज सिंह अहिरवार के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने मढी कानूनगो निवासी तुलसीराम साहू के पास से पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी आज्ञाराम कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद, तोफान और कप्तान कटारिया ने खेत में गडडा करने के लिए ट्रेक्टर का रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से तोफान सिंह कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेन्द्र, आज्ञाराम और महेश कटारिया ने मेढ तोड़ने से मना करने पर उससे मारपीट की।जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी प्रवेन्दर कौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरप्रीत सिंह ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मौचार निवासी गुरूतेजसिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखरीत, लवप्रीत,नरवेल और परमजीत सिंह और उसके जीजा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आरटीई में प्रवेश हेतु 2 अप्रैल 2026 को खुलेगी लॉटरी

**अशोकनगर।** शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए इस वर्ष जिले में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। जिले की 1608 सीटों के लिए 3044 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 2553 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। इससे हर सीट पर लगभग 2 बच्चों के बीच मुकाबला बना हुआ है। अब तक की स्थिति में कुल सीटें 1608 के लिए 3044 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें सत्यापित आवेदन 2553,लंबित आवेदन 491 है। सत्यापन 84 प्रतिशत है। जिला शिक्षा केंद्र अशोकनगर के जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और चयनित बच्चों की सूचना अभिभावकों को एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। जिला आरटीई प्रभारी सहायक जिला परियोजना समन्वयक अभिषेक चैधरी ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होती है। बच्चों का चयन आरटीई पोर्टल के माध्यम से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लॉटरी के जरिए किया जाता है। लॉटरी में चयनित बच्चों को उनके लॉगिन आईडी पर उनके आसपास के स्कूलों की सूची दिखाई जाएगी और उसी के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## नईसरायं-शाढ़ौरा मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

# ग्राम बीसौर के समीप दो बाईक आपस में टकराईं, 2 युवकों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बीसौर के समीप विपरीत दिशा से आ रहीं दो बाईक आपस में टकरा गईं। दोनों बाईक तेज गति से आ रही थीं, आपस में टकराते ही एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना में दोनों बाईकों पर सवार 3 युवक घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

घटना जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा- नईसराय मार्ग पर मंगलवार की सुबह 9 बजे हुई। घटना के बारे में बताया गया है कि ग्राम कलुआखेडी निवासी विशाल जाटव अपने रिश्तेदार सुनील जाटव के साथ बाईक क्रमांक एमपी 09 क्यूए 8207 से नईसरायं की ओर जा रहा था। जबकि बीसौर निवासी गोविंद नाथ, राजानाथ, और बंटी नाथ एक ही बाईक जिसका नम्बर एमपी67 एमसी 6298 है से अपने सपेरा डेरा पर लौट रहे थे। जब यह बाईक बीसौर गांव के पास से गुजर रहीं थी तभी दोनों बाईक आपस में अनियंत्रित होकर टकरा गईं। तेज स्पीड में होने के कारण विशाल जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बाईक पर सवार गोविंद नाथ ने अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों बाईक सवारों के एक एक सदस्य की मौत हो गई।







### बाइक चालकों ने हेलमेट का उपयोग नहीं किया था

जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में बाईक चालकों की मौत के मामले में यह देखने में आ रहा है कि बाईक चालकों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिसके



कारण उन्हें अपनी जान गवाना पड़ रही है और कईं लोगों को सड़क दुर्घटना में घायल होने का सामना करना पड़ रहा है। अगर इस घटना में दोनो वाहन चालकों ने हेलमेट का उपयोग किया होता तो दुर्घटना से बचा जा सकता था। यातायात विभाग और पुलिस वाहनों के चालान तो बनाती है लेकिन हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती। अगर हेलमेट न पहनकर वाहन चलानों पर सख्ती की जाए तो इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मजेदार बात यह है कि पुलिस यातायात सप्ताह का आयोजन करती है। कईं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया जाता है। लेकिन सख्ती नहीं होने के कारण वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### पूर्व में हेलमेट लगाने के लिए कड़ा नियम बना था

इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व में जिला प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया था जिसके अंतर्गत पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी किए गए थे कि हेलमेट न लगाने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। इस सख्ती के बाद वाहन चालकों ने हेलमेट लगाना प्रारंभ कर दिया था साथ में एक आदेश में लागू किया गया था यदि किसी पेट्रोल पंप संचालक द्वारा पेट्रोल बिना हेलमेट वाले वाहनों को प्रदान किया जाता है तो उनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया जाएगा। उस दौरान प्रशासन की सख्ती का असर सड़क दुर्घटनाओं पर भी देखने को मिला था। सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई थी और लोग अपनी जान बचाने के लिए हेलमेट का उपयोग करने लगे थे। शहर में पेट्रोल पंपों के पास हेलमेट बेचने वालों की दुकानें भी सज गईं थी, लेकिन शहर में हेलमेट को लेकर कोई अभियान उसके बाद से नहीं चलाया गया। अगर दुर्घटनाएं रोकना है तो हेलमेट लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### मृतक के शव को थाना प्रभारी अपनी निजी वाहन में लेकर अस्पताल पहुंचे


घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई यह वाहन मौके पर पहुंचा जहां घटना स्थल से घायलों में से एक को नईसरायं अस्पताल और दो को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए लाया गया। वाहन में जगह न होने के कारण नईसरायं के टीआई मनीष सिंह गुर्जर मृतक विशाल जाटव के शव को अपने निजी वाहन में रखकर शाढ़ौरा लेकर पहुंचे। इस घटना में दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम शाढ़ौरा अस्पताल में किया गया है। इस घटना में तीनों घायलों का उपचार चल रहा है, जिले में पिछले दो माह में इस तरह की कईं घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिसमें बाईक सवारों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। यह घटना तो दिन की ही थी रात भी नहीं थी कि यह कहा जाता कि अंधेरा होने के कारण या किसी वाहन को साईड देने के प्रयास में वाहन संतुलन खो बैठा ऐसा भी नहीं हुआ। इन वाहनों के आपस में टकराने की घटना का कारण यह है कि यह वाहन तेज गति से चल रहे थे और आमने सामने आने के बाद भी वाहनों की स्पीड कम नहीं हुई और आपस में जा भिड़े। इस घटना में नईसरायं थाना प्रभारी मनीष गुर्जर की मानवीय संवेदना उभरकर सामने आई है। वह मृतक को अपने निजी वाहन में रखकर अस्पताल लेकर पहुंचे।

## एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी निंलबित

# चंदेरी में चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कार्यालय नगरपालिका परिषद चन्देरी
जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश
//आदेश//

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में पिछले 24 मार्च से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल ने अब उग्र रूप ले लिया है। एक ओर जहां शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन और कर्मचारियों के बीच का गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

**गंदगी के अंबार से जनता बेहाल** हड़ताल के कारण शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर नियमित सफाई पूरी तरह बंद है। कचरा वाहनों के पहिए थमने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। नागरिकों का कहना है कि वहनियमित रूप से टैक्स भरते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नरकीय स्थिति में रहने को मजबूर किया जा रहा है।

**कर्मचारियों के अपने तर्क हमारे साथ हो रहा छलावा** हड़ताली सफाई कर्मियों का आरोप है कि प्रशासन उनके साथ वादा खिलाफी कर रहा है। उनकी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं

कर्मियों का कहना है कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। सफाई कर्मी रूपेश गवरी को सेवा से हटाए जाने का विरोध किया जा रहा है और उन्हें वापस काम पर रखने की मांग पर कर्मचारी अड़े हुए हैं।

**सीएमओ की सख्त कार्रवाई और चेतावनी** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट किया है कि काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा यदि कर्मचारी काम पर वापस नहीं आए, तो निलंबन की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं सफाई कर्मियों की होगी।

**जनता का जनाक्रोश आज व्यापारिक प्रतिष्ठान रहेंगे बंद** प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से नाराज चंदेरी के जागरूक नागरिकों ने जनाक्रोश रैली निकालने का आवाहन किया है। यह रैली वुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निकाली जाएगी। शहर के समस्त व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराने की अपील की गई है।

शहरवासियों में स्थानीय नेतृत्व के खिलाफ भी गहरा असंतोष है। लोगों का आरोप है कि चंदेरी में भाजपा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और विधायक जैसे कद्दावर नेता होने के बावजूद शहर की स्थिति बद से बदतर हो रही है। नागरिकों का कहना है कि नेता केवल चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं, लेकिन संकट के समय जनता को गंदगी और अव्यवस्था के बीच अकेला छोड़ दिया गया है।

## सिंधिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से की मुलाकत

जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से कनेक्ट होने की संभावनाएं बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्थानीय सांसद और भारत सरकार में दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद यह संभावनाएं बढ़ी हैं कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से जोड़ा जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर से नागपुर तक बनाए जा रहे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है। यह एक्सप्रेस वे मुरैना से ग्वालियर होते हुए अशोकनगर जिले के चंदेरी से मुंगावली बंगला चैराहे होते हुए गुजरेगा। इस सिक्स लेन हाईवे को चंदेरी से अशोकनगर होते हुए बंगलाचैराहे से निकाले जाने की मांग जिले भर जन प्रतिनिधि में विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष ,जिला भाजपा अध्यक्ष सभी कर चुके हैं। इस सिक्स लेन वे को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की है जिसके बाद यह संभावनाएं बढ़ी हैं कि अशोकनगर जिले की इस बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा किया जा सकेगा। मुरैना से नागपुर तक प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ एक्सप्रेस वे को यदि स्वीकृति मिलती है तो अशोकनगर जिले को विकास की नई संभावनाओं से जोड़ा जा सकेगा और यहां की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकेगी।

### फेसबुक पर थ्रेसर का सौदा कर 1 लाख रूपए की ठगी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत फेसबुक पर ऑनलाईन खरीदी के नाम पर एक लाख रूपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद ठगे गए ग्रामीण ने चंदेरी थाने में शिकायत की है। ग्राम गोराकला निवासी 50 वर्षीय दुर्गासिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि थ्रेसर बेचने के नाम से अज्ञात आरोपियों ने फेसबुक पर डेढ लाख रूपए में थ्रेसर बेचने की पोस्ट डाली थी, जिसमें मोबाइल नंबर भी दिए गए थे, उन नंबरों पर चर्चा करने के बाद आरोपी ने सौदा तय कर लिया। जब एडवांस के रूप में रूपए मांगे गए तब फरियादी ने अलग अलग तारीखों में एक लाख 11 रूपए विभिन्न मोबाइल नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। पहले 10 रूपए 7 मार्च को भेजकर ट्रांजेक्शन चैक किया गया, इसके बाद 20 हजार, 40 हजार फिर 20 हजार और बाद में 20001 रूपए आरोपी के खाते में भेजे गए। जब रूपए भेजने के बाद थ्रेसर भेजने की बात कही गई तब उसने कहा कि थ्रेसर लेकर आने वाली गाड़ी राजस्थान में फंसी हुई है और वह और पैसे की मांग करने लगा। शक होने पर उसने पैसा देने से इन्कार कर दिया और थ्रेसर भेजने को कहा। जिसके बाद न तो उसने थ्रेसर भेजा और न ही उसे पैसे वापिस किए। पुलिस ने ग्रामीण के आवेदन के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**अशोकनगर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर कईं आयोजन होगें। उन्होंने बताया कि जिन हनुमान जी महाराज के नाम से सारे संकट कट जाते हैं ऐसे हैं श्री हनुमान जी महाराज उनका जन्म उत्सव बहुत ही उत्साह पूर्वक सभी श्रद्धालुओं द्वारा सनातन धर्म की रक्षा हो एवं क्षेत्र में सुख शांति हो और विश्व में मंगल हो इसी कामना के साथ श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज भाव के भूखे हैं भाव से सेवा करने पर उसको अष्ट सिद्धि नौ निधि प्रदान करते हैं यहां पर श्री हनुमान महाराज जी के जन्म उत्सव पर 108 सुंदरकांड पाठ श्रद्धालुओं की मदद से किए जाते हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा किए जाएंगे एवं पंचमुखी हनुमान जी महाराज के 11 पाठ पुजारी श्री पंचमुखी हनुमत कवच के साथ पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा किए जाएंगे।एक पंचमुखी हनुमत कवच से दोपहर 1 बजे से हवन किया जाएगा एवं हनुमत सहस्त्रनाम पाठ का भी उच्चारण किया जाएगा।

## जनसुनवाई में 116 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्या, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 116 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में ग्राम ढाकोनी निवासी अनीता यादव द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, ग्राम मारूखेड़ी निवासी रमेश कुमार द्वारा नक्शा दुरुस्त कराए जाने, अमाई पछार निवासी नोनीतराम अहिरवार द्वारा निजी कुआं गहरीकरण कराए जाने ,ग्राम सिलावन निवासी श्याम लाल अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम रैझा निवासी चैन सिंह अहिरवार द्वारा नक्शा बनवाये जाने, ग्राम पड़रिया निवासी विमला बाई कुशवाहा द्वारा राशन दिलाए जाने ,ग्राम देवरछी निवासी शंकर यादव द्वारा बमोरीटाका पंचायत निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने, ग्राम झीला निवासी वंदना रघुवंशी द्वारा ससुराल से आवश्यक दस्तावेज दिलाए जाने, ग्राम लिधौरा निवासी राजा द्वारा मुआवजा दिलाए जाने, वार्ड क्रमांक 13 निवासी योगेश कुमार त्रिपाठी द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने संबंधी सहित अन्य समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, सोनम जैन,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### बच्चों और उनके अभिभावकों को पौधे किए गए वितरित

## टीएव्ही हायर सेकेंडरी विद्यालय ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर के बहुचर्चित विद्यालय टीएव्ही हायर सेकेंडरी विद्यालय में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बच्चों एवं उनके माता-पिता को एक-एक पौधा विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिया गया। सभी अभिभावकों को शपथ दिलाई गई की जिस तरह आप अपने बच्चों की परवरिश करते हैं इस तरह इस पौधे की भी परवरिश करें जिससे कि हमें आने वाले समय में स्वच्छ वातावरण मिल सके।

भाजपा जिला महामंत्री एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेश ग्वाल ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया एवं उनके अभिभावकों को एक- एक पौधा प्रदान किया और यह शपथ दिलाई की आप सब बच्चे राष्ट्र का निर्माण करेंगे एवं अपने आसपास सभी लोगों को प्रेरित करें की प्रकृति को हरा भरा रखें और अपने घर के आस-पास एक पौधा अवश्य लगेये उनके द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया गया और यह संदेश जन-जन तक पहुंचे विद्यालय की इस पहल की सभी नगर वासियों एवं अभिभावकों ने सराहना की है। वहीं स्कूल अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन ने कहा कि विद्यालय का सभी अभिभावकों को यही संदेश है कि जिस तरह आज आप अपने बच्चों की देखरेख करते हैं। इस तरह हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन के लिए हमारे जीवन में बड़ी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले पेड़ों के लिए भी आप अपने बच्चों की तरह पाले एवं उनका समय से पानी खाद देकर बड़ा करें।

वही विद्यालय में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 11वीं तक के बच्चों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया जिसमें सभी बच्चों ने अच्छे अंकों से पास होकर अपने मां-बाप विद्यालय एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का नाम रोशन किया वहीं इस मौके पर स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, स्कूल प्राचार्य डॉ धमप्रिया,स्कूल सीईओ पुनीत जैन, परीक्षा प्रभारी खेल प्रशिक्षक जावेद खान, शिक्षक अंबर शाह, सागर सुमन,सहित समस्त स्टाफ, बच्चों के माता-पिता एवं भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने किया मंगलाचार

# धूमधाम से मनाया महावीर जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जैन महिला महासमिति ने आदिनाथ जयंती से लेकर महावीर जयंती तक घर-घर मंगलाचार बड़े उत्साह पूर्वक मनाया। बगीचा मंदिर से शुरू हुआ यह उत्सव हर रोज शाम को भक्तांबर पाठ के साथ विभिन्न प्रतियोगिता के साथ एवं मनमोहक कार्यक्रम के साथ यह प्रोग्राम बड़े उत्साह के साथ हुआ।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी के मार्गदर्शन में महामंत्री प्रियंका जैन के द्वारा कराया गया। अंतिम पांच दिनों में प्रथम दिवस महावीर भगवान के जन्म से पहले माता की गर्भ से पूर्व की क्रियाएं की गईं। इस अवसर पर माता बनने का सौभाग्य अंजलि सिंघई को प्राप्त हुआ, इसमें अष्ट कुमारियों ने माता की सेवा करती हुई नाटिका मंचन किया। छोटी-छोटी बालिकाओं ने नृत्य किया एवं मंगलाचरण से मंत्री वर्षा सिंघई एवं ग्रुप डांस अंजलि बर्तन के द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस में माता की 16 सपने दिखाएं जिसमें माता बनने का सौभाग्य चंचल जैन एवं पिता सिद्धार्थ बनने का सौभाग्य वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी को मिला। मंगलाचरण सपना भिलाई ग्रुप द्वारा किया गया। सदस्यों द्वारा 16 स्वपनों का बड़ा सुंदर मनमोहक प्रोग्राम हुआ एवं उनका फल भी बहुत सुंदर तरीके से बताया गया। समिति द्वारा शांति जैन शिखर की 111 वंदना के उपलक्ष में समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया। तृतीय दिवस में माता की गोद भराई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें माता बनने का सौभाग्य महामंत्री प्रियंका जैन एवं पिता सिद्धार्थ बनने का सौभाग्य सुरभी पंसारी को मिला। गोद भराई का कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी सपना अजमेरा एवं नीता लोहारिया द्वारा किया गया। सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने गोद भराई का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से किया। मंगलाचरण युवा प्रकोष्ठ विनीता जैन मिर्ची ने किया एवं ग्रुप मंगल गान सिम्मी अर नेहा और मनीषा द्वारा किया गया। वहीं वही चतुर्थ दिवस में इंद्रसभा लगाई गई जिसमें माता बनने का सौभाग्य सिम्मी जैन एवं पिता अंजलि सिंघई को मिला। इसमें हमारे सभी वरिष्ठ सदस्य इंद्राणी जुगल जोड़ी के रूप में प्रस्तुत रहे। स्वधर्म इंद्र नंदा सोनी इंद्राणी राजकुमारी जैन प्रतिभा जैन सविता पंसारी अभिलाषा पत्रकार विनीता मिर्ची सुषमा बढ़ जात्य कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा मोनिका समता जैन स्वाति गुलजारी नीलम जैन आदि आदि इंद्र इंद्राणी के रूप में बड़ा ही सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया। अंतिम पांचवें दिन महावीर स्वामी का जन्म जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरा कार्यक्रम इंदु दीदी के सानिध्य में हुआ। जिसमें माता बनने का सौभाग्य अंजू श्रृंगार एवं पिता अभिलाषा देरखा को मिला। इंद्राणी प्रियंका जैन एवं सो धर्म इंद्र विनीत सोनी को मिला कार्यक्रम में सांस्कृतिक सचिव प्रीति भंडारी का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। प्रोग्राम में मंगलाचरण डॉली जैन ग्रुप ने प्रस्तुत किया।

भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान का जन्म बधाई गीत नृत्य सभी महिला महासमिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। वहीं अरु जैन ग्रुप ने बधाई गीत प्रस्तुत किया। इस दिन सभी को परितोषित वितरण वितरण इंदु गांधी द्वारा किया गया। महावीर जयंती में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं हरसोला से जुलूस में शामिल हुए।

गरीबों की आशा टूटी, टारगेट पूर्ण होने से निराश हो रहे आवेदनकर्ता

# अब जिलेभर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में होंगे सिर्फ 200 विवाह




## सारंगपुर को मिला 65 का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में इस बार राजगढ़ जिले में सिर्फ 200 विवाह करने का ही टारगेट सामने आया है। जिसके चलते सारंगपुर जनपद में सिर्फ 65 आवेदन लेने का ही टारगेट मिला है। ऐसे में क्षेत्र के हजारों गरीब लोगों की मुख्यमंत्री कन्यादान के तहत विवाह करने वालों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इस योजना के तहत शासन की ओर से पहली बार टारगेट फिक्स किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यह योजना लागू की गई थी तब से लेकर आज तक कोई टारगेट नहीं था। इससे पहले समय सीमा के दौरान जो भी आवेदन लिए जाते थे वो स्वीकार होते थे। लेकिन इस बार योजना के तहत जनपद पंचायत सारंगपुर में 19 अप्रैल को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विाह के लिए अंतिम तारीख 10 अप्रैल रखी गई थी। लेकिन टारगेट पूरा होने पर तय तारीक से पहले ही आवेदन लेना बंद कर दिया गया।

### टारगेट पूरा होने पर अब गरीब हो रहे निराश

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में जनपद पंचायत पर आवेदन नहीं लेने के चलते क्षेत्र के हजारों गरीब लोग निराश होकर घर लौट रहे हैं। अब स्थिति ऐसी बन रही कि कई लोग अपने नेता एवं जनप्रतिनिधि के चक्कर लगा रहे हैं। जनपद पंचायत में सामाजिक कल्याण विभाग अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो टारगेट था वह हमने पूर्ण कर लिया है अब हमने बाहर नोटिस लगा दिया है कि टारगेट पूर्ण हो चुका है। इसके बाद कोई आवेदन नहीं लिए जाएंगे। अब आमजन में असंतोष और चिंता का माहौल बन गया। योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए थे, लेकिन सीमित टारगेट के चलते कई आवेदनों को वापस किया जा रहा है। इससे दूर-दराज से आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद कार्यालय में इन दिनों आवेदकों की भीड़ देखी जा रही है।

लोगों का कहना है कि योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सरल बनाना है, लेकिन सीमित संख्या के कारण वास्तविक पात्र भी वंचित रह जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि टारगेट बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। वहीं, कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पहले से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण उन्होंने समय और पैसे दोनों का नुकसान उठाया है। इस स्थिति के चलते योजना की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि योजना की हवा निकल गई क्योंकि जिस उम्मीद से आवेदन किए गए थे, वह पूरी नहीं हो पा रही है। अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी हैं। यदि समय रहते टारगेट नहीं बढ़ाया गया, तो कई पात्र परिवार इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं, जिससे जन असंतोष और बढ़ने की संभावना है।

### इनका कहना है...

जनपद पंचायत वालों ने कार्यालय के बाहर दीवार पर नोटिस चस्पा कर रखा है, लेकिन फिर भी हमने अधिकारियों से बात की तो उन्होंने टारगेट पूरा होने की बोलकर आवेदन लेने से मना कर दिया।

**जावेद लाला,** निवासी सारंगपुर।

हमारे बच्चों की शादी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जमा करने के लिए जनपद पंचायत में गए थे, वहां पर टारगेट पूरा होने पर बोला की आप आवेदन कई दूसरी जगह से कर दो।

**मुशरा अंसारी,** निवासी सारंगपुर।

इस योजना के तहत जिलेभर का 200 का टारगेट है, जिसमें हमारे पास में सिर्फ 65 का मिला है जो पूरा हो गया। आगे वरिष्ठ अधिकारियों से जो दिशा निर्देश होंगे उसका पालन करेंगे।

**हेमेंद्र गोविल**
जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर।

दोनों पक्ष की शिकायतों का समाधान कराया

# संकल्प से समाधान अभियान शिविर में 34 शिकायतों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय पुलिस थाना परिसर में संकल्प से समाधान अभियान के तहत एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बुलाकर वरिष्ठ कार्यालय की 12 शिकायतों और स्थानीय स्तर की 22 शिकायतों कुल 34 शिकायतों का मौके पर ही आपसी समझाइश से त्वरित निराकरण किया गया।

पुलिस प्रशासन की यह पहल नागरिकों की समस्याओं को या लम्बे समय से आपस में चल रहे विवाद मामुली बातों को लेकर होने वाली कहासुनी इत्यादि को सुलझाने की महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने उपस्थित होकर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प समाधान शिविर एक ऐसा शिविर है जिसमें समय की बर्बादी नहीं हो, और समय के साथ-साथ धन को भी बर्बादी से बचाया जा सकता है क्योंकि इस शिविर से तत्काल मौके पर समाधान हो रहा है इसलिए हमें कोर्ट कचहरी के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ता है।

इस अवसर पर तहसीलदार आरपी सिंह गौंड, एसडीओपी डीएस नागर , थाना प्रभारी आदित्य सोनी, उप निरीक्षक संतोष सिंह, उप निरीक्षक एफ कुजूर एएसआई मधुसूदन शर्मा, एएसआई जगदीश यादव सहित पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में दोनों पक्ष की शिकायतों का समाधान कराया गया।

## गैस की बढ़ी कीमतों और थोपे जा रहे बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कुरवाई।** कुरवाई के बीना तिराहे पर सोमवार को कांग्रेसियों ने गैस की खाली टंकी रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री रानी अहिरवार ने कहा कि भाजपा की सरकार अडानी अंबानी की सरकार है। उनके इशारे पर चलने वाली सरकार है। इजराइल ईरान और अमेरिका में युद्ध हो रहा है जिसकी आड़ में सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने का काम कर रही है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हसरुदुद्दीन खान ने कहा की भाजपा सरकार की वजह से हम वापस पुराने दिनों में पहुंच गए। अच्छे दिन तो आए नहीं लेकिन गैस सिलेंडर की किल्लत से वापस चूल्हे और भट्टी वाले दिन आ गए। जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाकर मनमाने बिल वसूल किए जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख डॉ. वी.बी. खरे द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा इससे संबंधित विभिन्न योजनाओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सौम्या शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के विजय कुमार भिलाला तथा तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के हरिओम दांगी ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सीमा सिंह, प्रोफेसर रजनी खरे एवं प्रोफेसर आभा आनंद शामिल रहे, जिन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार के ऊपर गिरी बिजली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोमवार शाम को चली तेज हवा और आंधी बारिश के साथ राधानगर में भारत गैस गोदाम के पास आकाशीय बिजली के गिरने से शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे दो बाइक सवार युवकों में से एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा पूरी तरह से झूलस गया। कस्बा पटवारी सहजाद खान मन्सुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि निजाम पिता कादर खान निवासी सिया तहसील नलखेड़ा अपने साथी के साथ बाइक से शैरपुरा अपने रिश्तेदार के यह शादी समारोह मे शामिल होने जा रहा था तभी आंधी तूफान और बारिश होने की वजह से ग्राम राधानगर से थोडा आगे भारत गैस गोदाम के पास आगर रोड पर एक पेड़ के नीचे निजाम व उसका साथी दोनों रुक गए तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से निजाम पिता कादर खान निवासी सिया तहसील नलखेड़ा की मौत हो गई तथा एक अन्य साथी बेहोश हो गया जिसे एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया। जहां बेहोश साथी को होश आ गया निजाम के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। पटवारी ने पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारी को भेजी।

जनसुनवाई में आए 69 आवेदन

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं



**ब्यावरा।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आयोजित जनसुनवाई में ग्राम गेहूंखेडी तहसील पचोर निवासी रचना कुवंर ने बताया कि आवेदिका के पति धर्मेन्द्र सिंह होमगार्ड पचोर थाने में पदस्थ रहते हुए 14 नवंबर 2023 को एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई। जिस पर कलेक्टर द्वारा होमगार्ड कमांडेंड राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम राजलीबे निवासी हजारीलाल ने बताया कि आवेदक की पैतृक भूमि रामगंज मण्डी से भोपाल रेल्वे लाईन में जाने के उपरांत आज दिनांक तक मुआवजा राशि नहीं मिली है। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। तहसील पचोर निवासी कालूराम ने बताया कि आवेदक को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। कलेक्टर द्वारा सीएमओ पचोर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम करनवास निवासी निर्मला जाटव ने बताया कि आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवेदिका के पति की मृत्यु हो गई है। आवेदिका मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करती है। कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम जामी तहसील ब्यावरा निवासी दुलीचन्द वर्मा ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि मिली है। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर 69 आवेदन प्राप्त हुए।

## अग्निपथ योजना में अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक होंगे आवेदन

**ब्यावरा।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा बताया गया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियां 1 जून से 15 जून 2026 के बीच निर्धारित की गई हैं। परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, हरदा, गुना सहित अन्य अधिकृत क्षेत्रों के स्थायी निवासियों के लिए आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी है तथा इसमें किसी प्रकार की सिफारिश या रिश्वत का कोई स्थान नहीं है। अभ्यर्थियों को फर्जी एजेंटों और भ्रामक दावों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल से संपर्क कर सकते हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी और डंडे, विवाद में 7 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




लीमाचौहान थानांतर्गत आने वाले गांव खजूरी घाटा में मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। जिसमें चले लाठी-डंडों के हमले में दोनों पक्ष से 7 लोग घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक भिलाला समाज के लोगों में दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर आमने-सामने हो गए है। जिसमें एक पक्ष के 4 लोग घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के 3 लोगों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को तत्काल सारंगपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए क्रॉस केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

## जैन समाज ने महावीर जयंती पर निकाला चल समारोह



**खुजनेर।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती के पावन अवसर पर नगर में चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला चल समारोह की शुरुआत प्रातः विधि-विधान के साथ भगवान महावीर की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद सुसज्जित रथ पर भगवान महावीर की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन, महिला-पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए, जो भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। चल समारोह को विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई जगहों पर जलपान की व्यवस्था भी की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और प्रेम के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग रहा।

विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया प्रोत्साहित

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त के मार्गदर्शन में विवेकानंद शिक्षा एवं बाल विकास समिति ब्यावरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय (सीबीएसई) में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव मुकेश सेन ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सह-सचिव प्रीती गौतम एवं समिति सदस्य निमिता जैन ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षावार सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों के चेहरों पर सम्मान प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट झलक रही थी।

कार्यक्रम का संचालन सीमा दांगी ने प्रभावी ढंग से किया, वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र सिंह झाला द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की आचार्या प्रीति शुक्ला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि दिलीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्षभर की मेहनत का प्रतिबिंब होता है, इसलिए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे सचिव मुकेश सेन ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारों का भी विशेष महत्व है, जहां विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति की भावना से भी ओतप्रोत किया जाता है।कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं प्रेरणा के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

## पुष्पद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** श्री साईं सेवा समिति के तत्वावधान में समिति के सदस्य स्व. लीलाधर पुष्पद की दसवीं पुण्यतिथि पर देवरिया परिवार ने राहगीरों के लिए निःशुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह सेवा कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री गौतम टेटवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, पूजन एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने स्वर्गीय इल्लु पुष्पद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी, जय हिंद दुबे, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, राजेंद्र टेटवाल, दिनेश विजयवर्गी, राधेश्याम राठौर,भोनू सिंह पुष्पद, डॉ. हेमेंद्र सिंह सोलंकी, संतोष पुष्पद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

साईं सेवा समिति के संस्थापक महेश प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष करन ठाकुर, विकास वर्मा, अर्जुन प्रजापति, महेश सोनी एवं अन्य सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने देवरिया परिवार द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।